# संगठन की राजभाषायी गतिविधियां

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरांचल, फरीदाबाद कार्यालय की विशेष उपलब्धि

भारत सरकार, राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय, द्वारा दिनांक 05.06.2013 को केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़ में राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद कार्यालय को वर्ष 2011-12 के लिए संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए 'क' क्षेत्र (दिल्ली, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा) में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।







श्री अरूण कुमार जैन, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय , से शील्ड ग्रहण करते हुए श्री आर. सी. कौल, सं.मु.वि.नि. तथा डा० संजय कुमार सिंह, उप-वि.नि.

श्री अरूण कुमार जैन, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, द्वारा पुरस्कार स्वरूप कार्यालयाध्यक्ष श्री आर. सी. कौल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, को एक शील्ड प्रदान की गई तथा राजभाषा अधिकारी डा० संजय कुमार सिंह, उप-विस्फोटक नियंत्रक को उनके सराहनीय योगदान के लिए व्यक्तिगत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा को विशेष पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आगरा की दिनांक 30.04.2013 को आयोजित 63 वी बैठक में कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा को राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग एवं कार्यान्वयन में आगरा स्थित केन्द्र सरकार के समस्त कार्यालयों में विशेष पुरस्कार प्रदान करते हुए हिन्दी पत्राचार एवं टिप्पण लेखन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

**पेसो परिवार की ओर से हार्दिक बधाई**

## पेसो, नागपुर -

### विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की तृतीय बैठक का आयोजन

31 मार्च 2013 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की चतुर्थ बैठक 23 अप्रैल 2013 को 4.00 बजे संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री पी.सी. श्रीवास्तवजी की अध्यक्षता में सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई थी । हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा पिछली तिमाही की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई से सभी को अवगत कराया गया । बैठक में कैल्शियम कार्बाइड मॉड्यूल, अमोनियम नाइट्रेट माड्यूल का द्विभाषीकरण, हिन्दी टिप्पणियों की प्रतिशतता बढाने, हिन्दी अनुवादकों के रिक्त पदो को भरने, "हिन्दी वर्तनी भाग ॥" विषय पर हिन्दी कार्यशाला के आयोजन, आदि के बारे में निर्णय लिए गए ।

हिन्दी अधिकारी द्वारा मंत्रालय से प्राप्त 2 पत्रों के संबंध में अवगत कराया-

1. मंत्रालय द्वारा अग्रेषित सचिव ,राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय के अ.स .पत्र में यह सूचित किया गया हैं कि तत्काल प्रभाव से राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय की वेबसाईट www.rajbhasha.gov.in पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट /वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट केवल ऑनलाईन भेजी जाएं ।
2. मंत्रालय ने गृह मंत्रालय ,राजभाषा विभाग के उप निदेशक का पत्र अग्रेषित किया हैं जिसमे यह अनुरोध किया गया है कि राजभाषा नीति का कार्यान्वयन और राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु नराकास की बैठकों में सभी कार्यालयों के प्रमुखों का नियमित रूप से भाग लेना तथा अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय तथा छमाही रिपोर्ट समितियों के अध्यक्षों को प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाएं ।

उन्होने यह भी सूचित किया कि राजभाषा विभाग की वेबसाईट www.rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध सूचना प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत हिन्दी अधिकारी तथा संगठन प्रमुख का आयडी बनाकर वर्ष 2012-13 की समस्त तिमाही रिपोर्ट ऑनलाईन प्रेषित की गई ।

### ऑनलाईन तिमाही प्रगति रिपोर्ट मॉड्युल का सृजन-

संगठन में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट ऑनलाईन मॉड्युल का कार्य पूर्ण कर संगठन के अंचल कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट ऑनलाईन प्राप्त कर समीक्षा की जा रही हैं

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर की छमाही बैठक में सहभाग -

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर तथा निदेशक नीरी की अध्यक्षता में आयोजित न.रा.का.स. की 58 वीं छमाही बैठक में अन्य कार्यालय प्रमुखों के साथ श्री टी.आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक (संगठन प्रमुख) की प्रमुख उपस्थिति रहीं । उन्होने अपने अभिभाषण में राजभाषा के प्रति अपने कार्यालय की प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा राजभाषा के माध्यम से राष्ट्र के विकास में न.रा.का.स. को अधिक से अधिक सहयोग दने का आश्वासन दिया । इस बैठक में कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली एस. चिरडे ने भी भाग लिया ।






न.रा.का.स., नागपुर की 58 वीं छमाही बैठक में अन्य कार्यालय प्रमुखों के साथ श्री टी.आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक (संगठन प्रमुख)

श्री टी.आर.तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक अपने विचार व्यक्त करते हुए ।

## <u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन -</u>





श्री रवीन्द्र देवघरे, सहायक निदेशक(राजभाषा), आयकर विभाग, नागपुर द्वारा "हिन्दी वर्तनी बोध भाग ॥ " विषय पर पावर पॉईंट प्रस्तुति देते हुए

भाषा की वर्तनी का अर्थ उस भाषा में शब्दों को वर्णों से अभिव्यक्त करने की क्रिया को कहते हैं। हिंदी भाषा का महत्वथपूर्ण गुण ध्वन्यात्मकता है । हिंदी में उच्चरित ध्वनियों को व्यक्त करते हुए जैसा बोला जाता हैं, वैसा ही लिखा जाता हैं । क्षेत्रीय आंचलिक उच्चारण का प्रभाव, अनेकरूपता, भ्रम, परंपरा का निर्वाह आदि कारणो से वर्तनी में भिन्नता पाई जाती हैं । वर्तनी के बारे में इन सभी बॉतो की मूलभूत जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से दि. 21.06.2013 को श्री रवीन्द्र देवघरे, सहायक निदेशक(राजभाषा), मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय, आयकर विभाग द्वारा हिन्दी वर्तनी बोध भाग ॥ " इस विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

**<u>कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक,उत्तरांचल, फरीदाबाद</u>**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक,उत्तरांचल, फरीदाबाद में दिनांक 06/06/2013 को हिन्दी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री आर. सी. कौल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, द्वारा की गई। बैठक में कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डा. संजय कुमार सिंह, उप विस्फोटक नियंत्रक एवं हिन्दी अधिकारी द्वारा किया गया ।

**<u>कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक,पश्चिम अंचल, नवी मुंबई</u>**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पश्चिम अंचल, नवी मुंबई में दिनांक 17/04/2013 को ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा "बिजी लाईफ में ईजी से कैसे जिया जाएं ?" विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जिसमें श्री गिरीश कुमार एवं उनके साथियों द्वारा व्याख्यान दिया गया । इस सेमिनार में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए । दि. 14.05.2013 को न.रा.का.स., मुंबई के तत्वाधान में आयोजित महावर्ग पहेली प्रतियोगिता तथा न.रा.का.स., मुंबई की दि. 25.06.2013 को आयोजित 17 वी बैठक में कार्यालय के श्री दीपक कुमार, उप-विस्फोटक नियंत्रक तथा श्री राकेश कुमार, अवर श्रेणी लिपिक ने भाग लिया ।

**<u>कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भोपाल</u>**

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भोपाल कार्यालय में दिनांक 19.06.2013 को वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही की हिन्दी कार्याशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में डॉ. एल. एन भावसार, भूतपूर्व प्रोफेसर, सदस्य सामान्य समिति व कार्य समिति, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे । उन्होने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के प्रभावी प्रयोग पर संबोधन किया ।

**<u>कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद</u>**

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद कार्यालय में वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही में दिनांक 24.06.2013 को हिन्दी कार्याशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में श्री प्रकाश चंद्र मिश्रा, सहायक निदेशक व सचिव राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय आयकर आयुक्त, इलाहाबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे । उन्होने कार्यालय द्वारा किए जा रहे हिन्दी कार्य की सराहना की तथा राजभाषा अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए वार्षिक कार्यक्रम पर व्याख्यान दिया । कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रथम तिमाही की हिन्दी सभा दिनांक 24.06.2013 को आयोजित की गई ।

**<u>कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, रायपुर</u>**

विस्फोटक नियंत्रक, रायपुर कार्यालय में दिनांक 25.06.2013 को वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही में हिन्दी कार्याशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में श्री वी.पी. सिंह, कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रायपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे । उन्होने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के प्रभावी प्रयोग पर संबोधन किया । कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रथम तिमाही की हिन्दी सभा दिनांक 01.05.2013 को आयोजित की गई ।

**<u>कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक,देहरादून</u>**

कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून में दिनांक 22.04.2013 को प्रथम त्रैमासिक हिन्दी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । कार्यालय में दिनांक 14.06.2013 को अमोनियम नाईट्रेट नियम 2012 विषय पर प्रथम त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांकः 18.06.2013 को डा. (श्रीमती) आर. आर. गुप्ता, वि.नि. एवं डा. विवेक कुमार, उ.वि.नि., देहरादून ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, देहरादून की छमाही बैठक में भाग लिया । राजभाषा हिन्दी में ऑन लाइन रिपोर्ट की प्रविष्टि हेतु कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून का आय.डी. बनाया गया तथा राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2012-2013 की समस्त त्रैमासिक एवं वार्षिक रिपोर्ट ऑन लाइन प्रेषित की गई ।

********